उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001

<u>सूचना/विज्ञप्ति</u>

उ0 प्र0 पुलिस में पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के पदों पर सीधी भर्ती-2020 की ऑनलाइन लिखित परीक्षा के शहर व दिनांक की सूचना, प्रवेश पत्र लिंक एवं अभ्यास लिंक के संबंध में।

संख्याःपीआरपीबी- एक-2(लि0सं0)/2020 दिनांक नवम्बर 25 ,2021

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उ0 प्र0 में पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के पदों पर सीधी भर्ती–2020 के अन्तर्गत ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सी0बी0टी0 मोड) दिनांकः 04.12.2021 एवं 05.12.2021 को उ0प्र0 के 13 जनपदों के चयनित परीक्षा केन्द्रों पर प्रतिदिन 02 पालियों (**09:30 Hrs-12:00 Hrs** एवं **14:30 Hrs-17:00 Hrs**) में आयोजित की जा रही है।

2– सभी अभ्यर्थियों की ऑन लाइन लिखित परीक्षा की तिथि एवं परीक्षा जनपद/नगर की सूचना पीडीएफ फाइल में भर्ती बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जा रही है। अभ्यर्थी अपना पंजीकरण संख्या अंकित कर अपनी सूचना चेक कर लें।

3– अभ्यर्थियों को ऑनलाइन लिखित परीक्षा की प्रक्रिया से परिचित होने के लिये अभ्यास टेस्ट लिंक (Practice Test Link) भर्ती बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

4– ऑन लाइन लिखित परीक्षा हेतु सम्बन्धित अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र पंजीकरण पोर्टल पर <u>03 दिवस पूर्व</u> प्रदर्शित किये जायेगें, जिसमें परीक्षा की तिथि व समय तथा परीक्षा केन्द्र का नाम व पते की सूचना अंकित होगी। अभ्यर्थीगण पंजीकरण पोर्टल पर दिये गये लिंक पर अपना पंजीकरण संख्या तथा जन्मतिथि अंकित कर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने हेतु लिंक बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जा रहा है।

5– ऑन लाइन लिखित परीक्षा के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को यदि कोई समस्या/आपत्ति हो तो हेल्प डेस्क न0 –022–62337901 पर सम्पर्क कर सकते है।

6– उक्त सम्बन्ध में समस्त सूचनायें बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगी जिसके सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे बोर्ड की वेबसाइट **www.uppbpb.gov.in** का निरन्तर अवलोकन करते रहें ।

25/11/21

अपर सचिव भर्ती,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।